Regarding setting up of ndustries in Sravasti and Balram districts to check exodus of local residents-Laid

श्री राम शिरोमणि वर्मा **(श्रावस्ती) :** विश्व प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थ स्थल और भगवान बुद्ध की तपोस्थली मेरा संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती और जनपद बलरामपुर जो उत्तर प्रदेश का अति पिछड़ा आकांक्षी जनपद है । आजादी के 77 वर्ष बाद भी आज तक यहाँ पर कोई भी कल-कारखाने, छोटे-बड़े उद्योग नहीं है, जिस कारण यहां की गरीब जनता, मजदूर, कामगारों, युवाओं, महिलाओं को रोजी-रोटी की तलाश में घर परिवार से दूर भारी मात्रा में मुंबई गुजरात दिल्ली व अन्य शहरों में जाना पड़ता है । मेरे संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती और बलरामपुर में रेलवे से संबंधित कारखाने, कृषि यंत्रों के निर्माण के कारखाने, इलेक्ट्रिक -व्हीकल्स, ऑटोमोबाइल एवं कृषि आधारित उद्योग जैसे- खाद्य संसाधन, वनस्पति तेल, सूती वस्त्र, डेयरी उत्पाद व अन्य कारखाने लगाए जाए जिससे क्षेत्र की गरीब मजदूरों, युवाओं , महिलाओं को अपने क्षेत्र में ही रोजगार मिल सके जिससे उनका विकास होगा और जिले का भी सर्वांगीण विकास हो सकेगा ।